# असहाय नागरिकों की मदद के लिए आगे आयी इंडियन रेडक्रास सोसायटी

श्रावस्ती, 21 दिसम्बर, 2022। सू0वि0। इंडियन रेडक्रास सोसायटी श्रावस्ती की अध्यक्ष/जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा महिलाओं को कम्बल वितरित किये गये। जिलाधिकारी द्वारा इंडियन रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से लगातार कम्बल वितरण कार्यक्रम कराये जा रहे है। इसी श्रृंखला में आज भिनगा नगर के कई वार्डो से आयी महिलाओं को कम्बल वितरण किये गये। यह कम्बल इंडियन रेडक्रास सोसायटी की प्रदेश सचिव डा0 हिमा बिन्दु नायक द्वारा जनपद इकाई को निःशुल्क प्रदान किये गये है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी/अध्यक्षा ने कहा कि जनपद में ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे में कोई ठंड से प्रभावित न हो, इसलिए इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा लगातार कम्बल वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा भी कम्बल वितरण अभियान के तौर पर चलाया जा रहा है। सभी प्रमुख स्थानों व चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाये जा रहे है। संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा व गौतम नगर इकौना में रैन बसेरे का संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि जनपद में कोई ठंड से परेशान न हो। जनपद के समाज सेवियों को भी अलाव जलवाकर व कम्बल वितरित कर गरीब, असहाय लोगों की मदद के लिए आगे आये।

संस्था के सभापति अरूण कुमार मिश्र ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर रेडक्रास सोसायटी द्वारा लगातार गरीब, असहाय लोगों की मदद के लिए कार्य किये जा रहे है। अभी सोसायटी द्वारा हाइजिन किट, तिरपाल व किचन सेट बंटवाने का प्रयास किया जा रहा है। इंडियन रेडक्रास सोसायटी की कोशिश है कि जनपद में बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए परिवारों की यथासम्भव मदद हो सके। इसके लिए प्रदेश इकाई को जिलाधिकारी द्वारा पत्र लिखकर और राहत सामग्री मंगवाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही अन्य कैम्पों का आयोजन कर राहत सामग्रियों का वितरण किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, संस्था के सदस्य जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, जिलाधिकारी आशुलिपिक चन्द्रमौली श्रीवास्तव, ईडिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव, नाजिर सदर अनूप तिवारी, आपदा लिपिक विपिन चटर्जी सहित रेडक्रास सोसायटी के जिम्मेदार पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।